समाचार

# स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025 का हुआ आगाज

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित निगम मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने चलाया सफाई अभियान, किया साफ–सफाई का कार्य)




कोरबा 17 सितम्बर 2025 –भारत सरकार की महती योजना स्वच्छ भारत मिशन – शहरी 2.0 के अंतर्गत आज '' स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 '' का भव्य आगाज हुआ। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित निगम के पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने महाराणा प्रताप उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ–सफाई का कार्य किया, इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने उपस्थित समस्तजनों को '' स्वच्छता शपथ '' ग्रहण कराई।

छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप भारत सरकार की महती योजना स्वच्छ भारत मिशन – शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्य के अन्य सभी नगरीय निकायों के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी '' स्वच्छता ही सेवा अभियान –2025 '' का आज से शुभारंभ हुआ। निगम के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत

स्थित महाराणा प्रताप उद्यान में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अभियान की शुरूआत कराई। यहॉ उल्लेखनीय है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से प्रारंभ हुआ यह स्वच्छता ही सेवा अभियान 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक संचालित होगा।यह अभियान प्रतिवर्ष 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित किया जाता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य आमनागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, स्वच्छता के प्रति स्वामित्व की भावना को प्रोत्साहित करना तथा अभियान को जनभागीदारी एवं स्वेच्छिक सेवा के माध्यम से सशक्त करना हैं। निगम के महाराणा प्रताप उद्यान में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के दौरान आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने हाथ में झाड़ू लेकर सफाई का कार्य किया, वहीं इस मौके पर निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, लक्ष्मण श्रीवास, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.राजीव सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय, योगेश जैन, डॉ.राजेश राठौर, राकेश अग्रवाल, अजय विश्वकर्मा, दिनेश वैष्णव, मंजू सिंह, सोनी सिंह, मनोरमा शर्मा, ज्योति वर्मा, मनोज सिंह राजपूत, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुमित गुप्ता, राहुल मिश्रा, रमेश सूर्यवंशी, अश्वनी दास, सुनील वर्मा, सचीन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, अनिल वस्त्रकार, लक्ष्मीकांत जोशी, संजीव शर्मा, अर्जुन गुप्ता सहित काफी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता देते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान में हिस्सा लिया।

**महापौर ने दिलाई स्वच्छता शपथ** – इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत ने उपस्थित समस्तजनों को स्वच्छता शपथ दिलाई, उपस्थितजनों ने स्वच्छता शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मॉ भारती को आजाद कराया, अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। उपस्थित जनों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और उसके लिए समय देंगे। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 02 घंटे श्रम दान करके स्वच्छता के इस संकल्पना को चरितार्थ करेंगे। हम न गंदगी करेंगे, न किसी और को करने देंगे, सबसे पहले हम स्वयं से, अपने परिवार से, अपने मोहल्ले से, अपने गांव से एवं कार्य स्थल से शुरूआत करेंगे, हम यह मानते हैं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहॉ के नागरिक गंदगी नहीं करते, और न ही होने देते हैं, इस विचार के साथ हम गांव–गांव और गली–गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करेंगे। हम आज जो शपथ ले रहे हैं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी कराएंगे, वे भी हमारी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करेंगे, हमें मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया, मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।